अवारा मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीम

भिलाईनगर। आवारा मवेशी जो अक्सर रात में झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच चैक चैराहों में बैठते है जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। निगम का रोका छेका दस्ता पौ फटने से पहले सुबह 5 बजे आवारा मवेशियों को पकड़ने जुनवानी चैक पहुंचा और 36 गाय, बैल एवं सांड को पकड़कर गौठान में रखा गया है।

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता जुनवानी चैक, स्मृतिनगर क्षेत्र में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तो अवारा पशु नहीं पाए गए , किन्तु आस पास लोगों ने बताया कि सारे जानवर रात में एक जगह एकत्र होकर जुनवानी चैक में बैठे रहते है।

जानकारी के बाद निगम के रोका छेका दस्ता मंगलवार की सुबह 5 बजे जुनवानी चैक पहुंचे और क्षेत्र से 36 अवारा मवेशी को पकड़कर गौठान में रखा गया। इसी प्रकार निगम की टीम ने डबरापारा , जीई रोड, पाॅवर हाउस चैक, अंडरब्रिज, सेन्ट्रल एवेन्यू, सिविक सेंटर, गैरेज रोड, महाराणा प्रताप चैक, सेक्टर 07 एवं सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से सप्ताह के भीतर 211 मवेशी को पकड़कर काउ-कैचर के माध्यम से गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए दाना पानी एवं शेड की व्यवस्था किया गया है।